30/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

लोकसभा ने आज दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। इस विधेयक पर चर्चा करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता देश के बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति सुधारने में विशेषकर तनावग्रस्त परिसंपत्तियों के समाधान में एक महत्वपूर्ण कारक रही है।

0000000000000000000000000

राज्यसभा ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 को विचार और पारित करने के लिए प्रस्तुत किया है। इस विधेयक का उद्देश्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में ग्रुप 'ए' जनरल ड्यूटी अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की भर्ती तथा सेवा शर्तों से संबंधित सामान्य नियमों को विनियमित करना है।

0000000000000000000000000

आज ईटानगर स्थित लोक भवन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत राजस्थान दिवस का आयोजन किया गया। इस समारोह में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक, प्रथम महिला अनाघा परनाइक और राज्य में सेवारत राजस्थानी समुदाय

के सदस्यों ने हिस्सा लिया। सभा को संबोधित करते हुए, राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश के विकास में राजस्थानी समुदाय के योगदान की सराहना की। उन्होंने सभी से अपशिष्ट प्रबंधन यानी वैस्ट मैनेजमेंट की पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेने और सामाजिक चुनौतियों तथा स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने का आग्रह किया। इस अवसर पर राज्यपाल, ने सभी प्रतिभागियों के साथ बातचीत भी की।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश को नौ पहाड़ी राज्यों के लिए 'पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता' - SASCI दो हज़ार छब्बीस-सताइस के तहत **'प्राइड ऑफ़ हिल्स'** घटक के अंतर्गत चार हज़ार नौ सौ करोड़ का आवंटन प्राप्त हुआ है। इस योजना का उद्देश्य पहाड़ी राज्यों के सामने आने वाली उन विशेष वित्तीय और विकासात्मक चुनौतियों का समाधान करना है, जो कठिन भूभाग, दुर्गमता, कम जनसंख्या और राजस्व-सृजन की सीमित क्षमता के कारण उत्पन्न होती हैं। मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि, "अरुणाचल प्रदेश के लिए यह आवंटन, वित्तीय स्थिरता को बेहतर बनाने और राजस्व-सृजन करने वाली संपत्तियों के निर्माण में आगे निवेश करने में मददगार सबित होगा।"

0000000000000000000000000

ताई खाम्ती की सांस्कृतिक और भाषाई विरासत से जुड़ी दुर्लभ ताई लिपि की पांडुलिपियों को संरक्षित कर रहें, नामसाई ज़िले के चाव नांतिसिंग लोंगकान द्वारा इन पांडुलिपियों को डिजिटाइज़ कर 'ज्ञान भारतम ऐप' पर साझा करने के उनके प्रयासों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। उनके इन प्रयासों की सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल **'मन की बात'** के एक सौ बत्तीसवें एपिसोड में की, जिसमें उन्होंने स्वदेशी विरासत को संरक्षित करने में अरुणाचल प्रदेश के युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। 'ज्ञान भारतम ऐप' एक ऐसा डिजिटल मंच है जो भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को दस्तावेज़ित करने के लिए समर्पित है।

0000000000000000000000000

सांबो लापुंग ने कल छत्तीसगढ़ में आयोजित 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में पुरुषों की एक सौ दस किलोग्राम वैटलिफ़्टिंग श्रेणी में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वे अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग जिले के निवासी हैं।

0000000000000000000000000

भारत और ताजिकिस्तान के बीच अंडर-23 ट्राई-नेशन चैम्पियनशिप 2026 का फाइनल मुकाबला कल शाम सात बजे यूपिया स्थित गोल्डन जुबली आउटडोर स्टेडियम में खेला जाएगा।

इससे पहले गत अट्ठाइस मार्च को खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने भूटान को 5-0 से पराजित किया था।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज ईस्ट कामेंग, कुरुंग कुमेय, पाके केसांग, पापुम पारे, ईस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, लोहित, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग ज़िले के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने साथ ही आंधी-तूफान की संभावना व्यक्त की है।

0000000000000000000000000

अपर सियांग जिले की जिला स्तरीय NCORD (नारको समन्वय) समिति की समीक्षा बैठक आज यिंगकियोंग स्थित डीसी कॉनफ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन जिला पुलिस, अपर सियांग द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए SDO (मुख्यालय) तोनी मित्कोंग ने विभिन्न विभागों द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा की और जिले में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग तथा अवैध तस्करी से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए समन्वित प्रयासों के महत्व पर ज़ोर दिया।

0000000000000000000000000

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज ईटानगर कैपिटल कॉम्प्लेक्स के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नाहरलागुन के जी-सेक्टर स्थित सरकारी माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन, निबंध लेखन और स्पीच प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इसी प्रकार के कार्यक्रम पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरुणोदय तथा सरकारी माध्यमिक विद्यालय, पाचिन में भी आयोजित किए गए।

0000000000000000000000000

मनिपाल हॉस्पिटल (ईएम बाइपास, कोलकाता) द्वारा "अन्वेषणा - मीडिया के लिए चिकित्सा शिक्षा" विषय के तहत अरुणाचल प्रेस क्लब में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता और आपातकालीन तैयारी को सुदृढ़ करना है।

0000000000000000000000000